संख्या-5/2016/10/71-1-2016-जी-309/2008

प्रेषक,

जयवीर सिंह,
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 11 जनवरी, 2016

विषय:- राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, झॉसी, गोरखपुर तथा मेरठ में ट्रामा सेन्टर के संचालन हेतु विभिन्न श्रेणी के पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एमई-1/2015/1899, दिनॉक 01 जुलाई, 2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, झॉसी, गोरखपुर तथा मेरठ में लेवल-1 के ट्रामा सेन्टरों को संचालित करने हेतु संलग्न तालिका में उल्लिखित प्रति मेडिकल कालेज हेतु 100 अस्थायी पदों अर्थात कुल 600 पदों को उनके सम्मुख अंकित नियमित वेतनमान में दिनॉक 29-02-2016 तक, बशर्ते कि इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, सृजित करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- उक्त के अतिरिक्त संलग्न तालिका के क्रमांक-14 पर उल्लिखित विभिन्न तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के प्रति मेडिकल कालेज 26-26 पद अर्थात् 06 मेडिकल कालेज हेतु कुल 156 पदों का कार्य आउट सोर्सिंग के माध्यम से कराये जाने की भी स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3- सृजित किये जा रहे नियमित पद के पदधारकों को शासन द्वारा समय-समय पर अनुमन्य महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्तें आदि नियमानुसार देय होंगे।

4- सृजित किये जा रहे पदों पर नियुक्ति विभागीय नियमावली एवं समय-समय पर जारी शासनादेशों/नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए की जाएगी।

5- उक्त पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक "4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-चिकित्सा शिक्षा- प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-39-गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक मेडिकल कालेज, कानपुर-40-मेडिकल कालेज, इलाहाबाद-42-मेडिकल कालेज, झॉसी-43-मेडिकल कालेज, गोरखपुर-41-मेडिकल कालेज, मेरठ के वेतनादि सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-27/दस-2016, दिनॉक 02 जनवरी, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

संलग्नक:- यथोक्त।

भवदीय

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:- 5/2016/10(1)/71-1-2016 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, झॉसी, गोरखपुर तथा मेरठ।
4- कोषाधिकारी, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, झॉसी, गोरखपुर तथा मेरठ।
5- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, झॉसी, गोरखपुर तथा मेरठ।
6- नियोजन अनुभाग-4
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या- 5/2016/10/71-1-2016-जी-309/2008,

दिनॉक 11 जनवरी, 2016 का संलग्नक

क्र0	पदनाम	वेतनमान/ए0जी0पी0/ग्रेड वेतन	प्रति मेडिकल कालेज पदों की संख्या कालेज की
1	आचार्य, न्यूरोसर्जरी	37400-67000/10000	01-01 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 06
2	आचार्य, आर्थोसर्जरी	37400-67000/10000	01-01 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 06
3	आचार्य, जनरल सर्जरी	37400-67000/10000	01-01 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 06
4	प्रवक्ता, जनरल सर्जरी	15600-39100/6000	01-01 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 06
5	आचार्य, एनेस्थीसिया	37400-67000/10000	01-01 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 06
6	प्रवक्ता, एनेस्थीसिया	15600-39100/6000	01-01 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 06
7	सीनियर रेजीडेण्ट, एनेस्थीसिया प्रथम वर्ष (स्नातकोत्तर डिग्री धारक)	15600-39100/6600	16-16 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 96
8	सीनियर रेजीडेण्ट, न्यूरोसर्जरी प्रथम वर्ष (स्नातकोत्तर डिग्री धारक)	15600-39100/6600	04-04 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 24
9	सीनियर रेजीडेण्ट, आर्थोसर्जरी प्रथम वर्ष (स्नातकोत्तर डिग्री धारक)	15600-39100/6600	04-04 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 24
10	सीनियर रेजीडेण्ट, सामान्य सर्जरी प्रथम वर्ष (स्नातकोत्तर डिग्री धारक)	15600-39100/6600	04-04 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 24
11	जूनियर रेजीडेण्ट प्रथम वर्ष (स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा)	15600-39100/5400	10-10 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 60
12	स्टाफ नर्स	9300-34800/4600	30-30 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 180
13	विभिन्न श्रेणियों में टेक्नीशियन (20 ओ0टी0 टेक्नीशियन, 04 एक्स-रे टेक्नीशियन एवं 02 लैब	5220-20200/2800	26-26 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 156

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	टेक्नीशियन		
14	तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कार्य हेतु स्वागती/सुरक्षा कर्मचारी/ अटेण्डेण्ट/मल्टी परपज वर्कस	आउट सोर्सिंग से भरे जाएंगे	26-26 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद 156
		योग (प्रति मेडिकल कालेज)	126-126 पद प्रति मेडिकल कालेज कुल पद- नियमित वेतनमान- 600 आउट सोर्सिंग- 156 योग- 756
06 राजकीय मेडिकल कालेज (कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, झाँसी, गोरखपुर एवं मेरठ) हेतु प्रति मेडिकल कालेज 126 पदों के आधार पर सृजित होने वाले कुल पदों की संख्या-756			

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।